**भारत सरकार**
**सहकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 748**

**मंगलवार, 25 जुलाई, 2023/3 श्रावण, 1945 (शक) को उत्तरार्थ**

**सहकारिताओं हेतु उद्योग-शिक्षा जगत के बीच संपर्क**

**†748. श्री संजय काका पाटील:**
**श्री कुरुवा गोरांतला माधवः**

क्या **सहकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने सहकारी समितियों के लिए उद्योग-शिक्षा जगत के बीच संपर्क सुनिश्चित करने के लिए कोई पहल की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने सहकारी क्षेत्र विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों मे ज्ञान के आदान-प्रदानको सुकर बनाने के लिए कोई अन्य योजनाएं कार्यान्वित की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

**उत्तर**

**सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह):**

(क) से (घ): सहकारी समितियों के लिए उद्योग-शैक्षिक जगत के बीच संपर्क, सेक्टर विशेषज्ञों और एनसीसीटी (राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद) जो सहकारिता मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त समिति है, के द्वारा चलाए जा रही विभिन्न प्रशिक्षण, जागरुकता व अन्य शैक्षिक कार्यक्रमों के प्रैक्टिशनरों की निरंतर प्रतिभागिता से सुनिश्चित होती है ।

प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उद्योग-शैक्षिक जगत लिंकेज एनसीसीटी के 19 क्षेत्रीय और राज्य स्तरीय संस्थानों के कार्यक्रम परामर्शी समिति (PAC) की संस्थागत प्रणाली के माध्यम से निर्मित होती है। कार्यक्रम परामर्शी समिति (PAC) की अध्यक्षता संबंधित राज्य की सहकारी समितियों के पंजीयक द्वारा की जाती है और इसके अन्य सदस्यों में राज्य सहकारी यूनियनों/संघों के मुख्य कार्यकारी, संबंधित राज्यों के उद्योगों, हथकरघाओं, मात्स्यिकी, कृषि के निदेशकगण, उद्योग क्षेत्र के विशेषज्ञ, आदि शामिल हैं ।

इसके अलावा, सहकारी क्षेत्र में उद्योग-शैक्षिक जगत को और भी सशक्त करने के लिए नियमित रूप से उद्योग/सेक्टर विशेषज्ञों के साथ सम्मेलनों/वेबिनारों, प्रैक्टिश्नरों द्वारा व्याख्यानों, उद्योग एक्स्पोज़र दौरे और इंटर्नशिप भी आयोजित किए जाते हैं ।

प्राथमिक कृषि क्रेडिट समितियों (पैक्स) और अन्य प्राथमिक सहकारी समितियों को सशक्त करने के लिए नाबार्ड, सॉफ्टकॉब योजना (स्कीम फॉर फाइनैंशियल असिस्टेंस फॉर ट्रेनिंग ऑफ कोऑपरेटिव बैंक्स पर्सोनेल) की सहभागिता से एनसीसीटी द्वारा वर्ष 2020-21 से वर्ष 2022-23 के बीच 20,955 प्रतिभागियों, जो मुख्यत: किसान हैं, के लिए 690 प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए । इसके अलावा, एनसीसीटी ने वर्ष 2020-21 और वर्ष 2022-23 के बीच ग्रामीण क्षेत्रों के 1,61,043 किसानों के लिए 2342 प्रशिक्षण/जागरुकता कार्यक्रम चलाए गए ।

******